बिहार विकास मिशन
(मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के शासकीय अधीन)
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम कैम्पस,
हॉस्पिटल रोड, राजवंशी नगर, पटना–800023
E-Mail: bvm.msoffice@gmail.com
दूरभाष संख्या:–0612–2285262

सं० सं०–बि०वि०मि०–स्था०–(DRCC/विविध)–26/18.206 पटना, दिनांक 31/01/25

## –:: आदेश ::–

बिहार विकास मिशन के कार्यालय आदेश संख्या–622, दिनांक–27.10.2016 के द्वारा श्रीमती सुधा कुमारी को सुपरवाईजर आई0टी0 के पद पर दिनांक–27.10.2016 के प्रभाव से संविदा नियोजन करते हुए जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, छपरा (सारण) में पदस्थापित किया गया। पुनः कार्यालय आदेश संख्या–798(अनु0), दिनांक–07.08.2021 द्वारा श्रीमती कुमारी का स्थानान्तरण जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, पटना में किया गया।

2. जिला पदाधिकारी, पटना के पत्रांक–280, दिनांक–02.12.2023 के माध्यम से श्रीमती कुमारी द्वारा समर्पित दिनांक–16.11.2023 का त्याग–पत्र अग्रेतर कार्रवाई हेतु बिहार विकास मिशन को उपलब्ध कराया गया। श्रीमती कुमारी द्वारा अपने त्यागपत्र में निजी कारणों से त्यागपत्र देने का उल्लेख करते हुए दिनांक–21.10.2023 के प्रभाव से त्यागपत्र स्वीकृत करने का अनुरोध किया गया।

3. जिला पदाधिकारी, पटना के पत्रांक–06, दिनांक–08.01.2024 द्वारा प्रतिवेदित है कि श्रीमती कुमारी के विरुद्ध किसी प्रकार का बकाया नहीं है तथा इनका अंतिम कार्यदिवस दिनांक–21.10.2023 प्रतिवेदित है।

4. श्रीमती सुधा कुमारी द्वारा त्याग–पत्र समर्पित करने से पूर्व नोटिस अवधि (30 दिन) की सूचना नहीं दिये जाने के कारण बिहार विकास मिशन के आदेश संख्या–495, दिनांक–18.04.2023 के कंडिका–02(ख) में किये गये प्रावधान के आलोक में उनका भविष्य में बिहार विकास मिशन में पुनर्नियोजन की अहर्त्ता समाप्त करते हुए दिनांक–21.10.2023 (अपराह्न) की तिथि से बर्खास्त किया जाता है।

5. प्रस्ताव में सदस्य सचिव, बिहार विकास मिशन का अनुमोदन प्राप्त है।

31/1/25

(राजीव रंजन सिन्हा)
संयुक्त सचिव–सह–महाप्रबंधक,
HR Management & IT

ज्ञापांक :– बि०वि०मि०–स्था०–(DRCC/विविध)–26/18.206 पटना, दिनांक 31/01/25
प्रतिलिपिः–जिला पदाधिकारी, पटना/ जिला योजना पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

31/1/25
संयुक्त सचिव–सह–महाप्रबंधक,
HR Management & IT

ज्ञापांक :– बि०वि०मि०–स्था०–(DRCC/विविध)–26/18.206 पटना, दिनांक 31/01/25
प्रतिलिपिः– महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा)/ प्रबंधक, जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, पटना/ श्रीमती सुधा कुमारी, सुपरवाईजर आई0टी0, जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

31/1/25
संयुक्त सचिव–सह–महाप्रबंधक,
HR Management & IT

ज्ञापांक :- बि0वि0मि0-स्था0-(DRCC/विविध)-26/18 206 पटना, दिनांक 31/01/25

प्रतिलिपि:-एच0आर0 मैनेजर, बिहार विकास मिशन को ई-मेल करने हेतु प्रेषित।

31/1/25

संयुक्त सचिव-सह-महाप्रबंधक,
HR Management & IT

5.40 P.M
31/01/25